TEACHERS OF BIHAR

# दैनिक ज्ञानकोश

सीखें-सिखाएं, बिहार को आगे बढ़ायें




teachersofbihar@gmail.com
https://twitter.com/teachersofbihar
https://www.youtube.com/c/teachersofbihar

28 जुलाई 2025

# Teachers of Bihar

The Change Makers

## आज का सुविचार

उच्च विचारों से हमेशा कमजोरी दूर होती है।


सुभाष चंद्र बोस



राकेश कुमार

मधु प्रिया

# विश्व हेपटाइटिस दिवस 28 जुलाई




हेपेटाइटिस के बारे में जागरूकता प्रसारित करने और लोगों को शीघ्र निदान, रोकथाम और हेपेटाइटिस के उपचार को प्रोत्साहित करने के लिए प्रतिवर्ष 28 जुलाई को मनाया जाता है। हेपेटाइटिस संक्रामक बीमारियों का समूह है, जिसे हेपेटाइटिस ए, बी, सी, डी और ई के रूप में जाना जाता है। हिपेटाइटिस एक संक्रामक रोग है, लेकिन इसका मतलब यह नहीं है कि ये छूने मात्र से फैल जाता है। इसलिए परिवार के किसी सदस्य को यह रोग होने पर उसे बिल्कुल अलग रखने की ज़रूरत नहीं होती है, हालांकि परिवार के अन्य सदस्यों को संक्रमणमुक्त रखने के लिए कुछ सावधानियां बरतना आवश्यक है। हेपेटाइटिस यकृत की सूजन है, जिसे यकृत के ऊतकों में सूजन वाली कोशिकाओं की मौजूदगी से पहचाना जाता हैं। हेपेटाइटिस एक्यूट और क्रोनिक दो प्रकार का होता हैं। एक्यूट हेपेटाइटिस की अवस्था तब होती हैं, जब यह कम से कम छह महीनों तक रहता है। क्रोनिक हैपेटाइटिस की अवस्था तब होती हैं, जब यह लंबे समय तक बना रहता है। हेपेटाइटिस सीमित या लक्षण रहित हो सकता हैं, लेकिन यह प्राय: पीलिया, आहार में अरुचि (भूख में कमी) और अस्वस्थता/बेचैनी पैदा करता हैं।

Teachers of Bihar

The change makers

# पुण्यतिथि विशेष 28 जुलाई

ज्ञानपीठ, साहित्य अकादमी और
पद्म विभूषण पुरस्कार से सम्मानित
प्रसिद्ध समाज सुधारक और प्रख्यात लेखिका



## महाश्वेता देवी जी

को पुण्यतिथि पर विनम्र अभिवादन

**महाश्वेता देवी** *Mahasweta Devi*, जन्म- 14 जनवरी, 1926, ढाका; मृत्यु- 28 जुलाई, 2016, कोलकाता) भारत की प्रसिद्ध सामाजिक कार्यकर्ता और लेखिका थीं। उन्होंने बांग्ला भाषा में बेहद संवेदनशील तथा वैचारिक लेखन के माध्यम से उपन्यास तथा कहानियों से साहित्य को समृद्धशाली बनाया।

TOB

# खेल कॉर्नर




# टेस्ट में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बैटर्स

| प्लेयर | इनिंग | रन |
|---|---|---|
| सचिन तेंदुलकर (भारत) | 200 | 15,921 |
| रिकी पोंटिंग (ऑस्ट्रेलिया) | 168 | 13,378 |
| जो रूट (इंग्लैंड) | 157 | 13,292 |
| जैक्स कैलिस (दक्षिण अफ्रीका/ICC) | 166 | 13,289 |
| राहुल द्रविड़ (भारत) | 164 | 13,288 |
| एलिस्टेयर कुक (इंग्लैंड) | 161 | 12,472 |
| कुमार संगाकारा (श्रीलंका) | 134 | 12,400 |



राकेश कुमार

# शिक्षा शब्दकोश

आज का शब्द 28.07.2025

## सकारात्मक शिक्षण

सकारात्मक शिक्षण का अर्थ है एक ऐसा शिक्षण वातावरण बनाना जहाँ छात्र सुरक्षित, समर्थित और प्रेरित महसूस करें। इसमें सकारात्मक सुदृढ़ीकरण, प्रभावी कक्षा प्रबंधन, और छात्रों के साथ मजबूत संबंध बनाना शामिल है। सकारात्मक शिक्षण छात्रों के सीखने और विकास के लिए एक अनुकूल माहौल बनाता है।

# रोचक तथ्य/सामान्य ज्ञान





**यह कोई पाँच सितारा होटल नहीं, बल्कि राजस्थान का एक सरकारी स्कूल है, जिसे गांव के पूर्व छात्रों ने ₹15 करोड़ दान देकर एक भव्य और विश्वस्तरीय कैंपस में बदल दिया है!**

# पद्य पंकज


वे मुस्कराते फूल नहीं,
जिनको आता है मुरझाना।
वे तारों के दीप नहीं,
जिनको भाता है बुझ जाना।
वे नीलम के मेघ नहीं,
जिनको है घुल जाने की चाह।
वह अनंत ऋतुराज नहीं
जिसने देखी जाने की राह।

---

**महादेवी वर्मा(आधुनिक मीरा)**

Madhu priya

www.padyapankaj.teachersofbihar.org



## लेखिका

# महाश्वेता देवी

की पुण्यतिथि पर
कोटि-कोटि नमन।

14 जनवरी 1926 - 28 जुलाई 2016

www.teachersofbihar.org

Madhu priya


28 जुलाई
प्रकृति की रक्षा, जीवन की रक्षा
विश्व प्रकृति संरक्षण दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं।
Madhu priya
TEACHERS OF BIHAR
THE CHANGE MAKERS
/teachersofbihar




की समस्त देशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं।

www.teachersofbihar.org

Madhu priya